# अप्रेंटिसशिप योजना से 83 हजार युवाओं को मिला उद्योगों में प्रशिक्षण

लखनऊ। प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगारपरक प्रशिक्षण को मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना नई गति प्रदान कर रही है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को उद्योगों और एमएसएमई इकाइयों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। वर्ष 2025-26 में अप्रेंटिसशिप योजना के तहत 83,277 युवाओं को उद्योगों और एमएसएमई इकाइयों में काम सीखने का मौका दिया गया है। इससे युवाओं को उत्पादन इकाइयों, सेवा क्षेत्र तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों में कार्य का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश को कुशल मानव संसाधन का केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। ब्यूरो